बरेली, बुधवार
13 मई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO.- III : MIDDLE

नर्स स्वास्थ्य सेवा की रीढ़, मरीजों की देखभाल महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

एसआरएमएस में नर्स दिवस पर कार्यक्रम में शामिल स्टाफ नर्स • सौ स्वयं

रामजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ नर्स का मिला पुरस्कार : एसआरएमएस कालेज लेज आफ नर्सिंग में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह का आयोजन हुआ। आइएमएस स्थित रेडिएशन आन्कोलाजी वार्ड की स्टाफ नर्स रामजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ नर्स पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और नृत्य प्रस्तुतियां दीं। एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी एंड रिसर्च (सीईटीआर) स्थित आडिटोरियम में मंगलवार को हुए कार्यक्रम में एसआरएमएस आइएमएस के मुख्य मैट्रन ज्ञान प्रकाश शर्मा ने सभी का स्वागत किया। नर्सिंग के प्रोफेसर परस राम ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के थीम की जानकारी दी। कार्यक्रम में नर्सिंग पेशेवरों के महत्व को बताते हुए समाज एवं मरीजों की देखभाल में उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना की गई।

इस अवसर पर इंजी. सुभाष मेहरा, डा. मुथ्थु महेश्वरी, आईएमएस के मेडिकल सुप्रिंटेंडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल डा. आरपी सिंह व अन्य रहे।